भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 2983
गुरुवार, 8 अगस्त, 2024/17 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानपत्तन पर सुविधाएं

2983. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि शमशाबाद विमानपत्तन के उपयोग में निरंतर वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि तेलंगाना के खाड़ी कामगारों, सेवाकर्मियों और अन्य यात्रियों द्वारा उक्त विमानपत्तन पर सस्ते खाद्य स्टालों की मांग की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त विमानपत्तन पर शीघ्र ही उचित मूल्य पर भोजन और अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : जी हाँ, हैदराबाद के शमशाबाद हवाईअड्डे के उपयोग में लगातार वृद्धि हुई है। शमशाबाद हवाईअड्डे ने वर्ष 2013-14 के दौरान कुल 8.7 मिलियन यात्रियों को संभाला था, जो वर्ष 2023-24 के दौरान बढ़कर 25.0 मिलियन हो गया है, जो कि 11% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्शाता है।

(ख) और (ग) : शमशाबाद हवाईअड्डा यात्रियों की विविध मांगों को पूरा करने हेतु क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों प्रकार के व्यंजनों के साथ हवाईअड्डे के अंदर और बाहर उचित मूल्य पर विविध प्रकार के भोजन विकल्प प्रदान करता है।

******